दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जून भाग-2 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1.हाल ही में चर्चा में रहा 'न्यू शेफर्ड' है:

A. नई तकनीक जो भेड़ों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगी।

B. एक रॉकेट प्रणाली जिसे अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

C. सौर ऊर्जा से चलने वाला एक अमेरिकी लड़ाकू विमान।

D. नासा द्वारा नवीनतम खोजा गया एक्सो-प्लैनेट।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तुलु भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल एक द्रविड़ भाषा है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 344 आठवीं अनुसूची की भाषाओं से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।
2. ग्रेट ग्रीन वॉल पहल साहेल क्षेत्र में भूमि क्षरण के खिलाफ लड़ाई पर केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोसी नदी का स्रोत तिब्बत में है।
2. कोसी नदी बिहार के कटिहार ज़िले में गंगा नदी में मिलती है।
3. कोसी को बिहार का शोक भी कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत, इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गनाइज़ेशन (IHO) का सदस्य है।
2. IHO ने वर्ष 1953 से दक्षिणी महासागर को विश्व के पाँचवें महासागर के रूप में मान्यता दी हुई है।
3. दक्षिणी महासागर एकमात्र ऐसा महासागर है जो प्रशांत, हिंद और अटलांटिक महासागरों को छूता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. थाईलैंड, वियतनाम और चीन के साथ भूमि सीमा साझा करता है।
2. CORPAT भारत और थाईलैंड के बीच द्विवार्षिक नौसैनिक अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. मुगल वास्तुकला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बारोक और अरब शैली की वास्तुकला का मिश्रण था।
2. दीवारों पर सुलेख और ज्यामितीय पैटर्न मुगल वास्तुकला की विशेष विशेषताएँ हैं।
3. लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर इस वास्तुकला की मुख्य निर्माण सामग्री हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. केवल 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली' (GIAHS) खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की एक पहल है।
2. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भूमि और समुद्र के अलग-अलग ताप और शीतलन भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिये अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करते हैं।
2. तिब्बती पठार पर प्रबल ऊर्ध्वाधर पवनों की धाराएँ और कम दबाव का गठन भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून को बढ़ाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. 'जल जीवन मिशन (शहरी)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जल शक्ति मंत्रालय के तहत एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य सभी वैधानिक कस्बों में कार्यात्मक नलों के माध्यम से सभी घरों में पानी की आपूर्ति का सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. 'पूर्वी तट आर्थिक गलियारे' (ECEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें केवल पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य शामिल हैं।
2. ECEC के विकास में 'विश्व बैंक' भारत सरकार का प्रमुख भागीदार है।
3. ECEC 'राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट' (NICDIT) के माध्यम से कार्यान्वित पाँच औद्योगिक कॉरिडोर परियोजनाओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) भारत में गोल्ड हॉलमार्किंग योजना के संचालन के लिये उत्तरदायी है।
2. भारत में सोना एकमात्र ऐसी कीमती धातु है जिसे हॉलमार्किंग के दायरे में लाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का विज़न एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड (OSOWOG) को सक्षम बनाना है।
2. ISA को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP-21) के पक्ष में लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. ई-कचरे के प्रबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 भारत में विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) को लागू करता है।
2. बेसल कन्वेंशन के COP-9 में अपनाई गई नैरोबी घोषणा का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक कचरे का पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन बनाना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. BIS अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) का सदस्य नहीं है।
2. भारत का प्रतिनिधित्व BIS के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोग (IEC) द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. 'अंतर्देशीय जलमार्ग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली को राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (NW-1) के रूप में जाना जाता है।
2. भारत में चार राष्ट्रीय जलमार्ग (NWs) हैं।
3. जल मार्ग विकास परियोजना हेतु विश्व बैंक से सहायता प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

17. राष्ट्रीय कॅरियर सेवा (NCS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NCS को ई-गवर्नेंस योजना की छत्रछाया में लॉन्च किया गया था।
2. श्रम और रोज़गार मंत्रालय NCS के कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. 'विश्व प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक, 2021' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूचकांक विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी किया जाता है।
2. सूचकांक में शामिल सभी ब्रिक्स देशों में भारत दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. 'तियान्हे' पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थित चीन का अपना अंतरिक्ष स्टेशन मॉड्यूल है।
   2. चीन तीसरा देश है जिसने स्वयं का मानव मिशन अंतरिक्ष में भेजा है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. राज्यपाल भारतीय संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत अध्यादेश जारी कर सकता है।
   2. राज्यपाल अपने मंत्रिपरिषद (CoM) की सलाह से बाध्य नहीं होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'SHADE' पहल का सबसे अच्छा वर्णन करता है:

   A. यह अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना और यूरोपीय संघ नौसेना बल द्वारा आयोजित एक नौसैनिक अभ्यास है।
   B. यह विश्व खाद्य कार्यक्रम (UN WFP) के चार्टर के तहत तैनात जहाज़ों की सुरक्षा हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है।
   C. यह भारतीय नौसेना सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र और समुद्री सुरक्षा केंद्र-हॉर्न ऑफ अफ्रीका क्षेत्र के बीच एक आभासी 'सूचना साझाकरण अभ्यास' है।
   D. यह बहरीन में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय ऑपरेशनल काउंटर पायरेसी प्लेटफॉर्म है।

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. बीटी कपास एकमात्र ट्रांसजेनिक फसल है जिसे भारत सरकार द्वारा व्यावसायिक खेती के लिये अनुमोदित किया गया है।
   2. बीटी कपास को आनुवंशिक रूप से संशोधित किया गया है, जिससे पौधे हर्बिसाइड ग्लाइफोसेट के लिये प्रतिरोधी हो जाते है, जिसमें कार्सिनोजेनिक प्रभाव होता हे।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये कीजिये:
   1. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के अध्यक्ष की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।
   2. CBFC सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
   3. फिल्मों को भारत में चार श्रेणियों के तहत प्रमाणित किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. केवल 1 और 2
   D. 1, 2 और 3

**नोट :**

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र (UN) के महासचिव की नियुक्ति सुरक्षा परिषद द्वारा की जाती है।
2. महासचिव के पास पुनर्नियुक्ति का विकल्प नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. 'चुनाव याचिका' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चुनाव समाप्त होने के बाद चुनाव याचिका भारत के चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने वाला एकमात्र कानूनी उपाय है।
2. ऐसी याचिका चुनाव परिणाम की तारीख से दो महीने के भीतर दायर की जानी अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. 'सिकल सेल रोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग है।
2. यह हीमोग्लोबिन को प्रभावित करता है जो पूरे शरीर में कोशिकाओं को ऑक्सीजन प्रदान करता है।
3. इसे दिव्यांगता नहीं माना जाता है और इस प्रकार इसके लिये दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 69वें सत्र के दौरान भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) का विचार प्रस्तावित किया गया था।
2. 'एम-योग' एप विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय का एक सहयोगी प्रयास है।
3. भारत में योग प्रशिक्षकों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) पहल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1 और 3
D. 1, 2 और 3

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1960 के दशक से भारत में चावल और गेहूँ की खेती में जस्ता एवं लोहे के 'अनाज घनत्व' में गिरावट की प्रवृत्ति देखी जा रही है।
2. गेहूँ और चावल में पोषक तत्त्वों की कमी अनाज की अधिक उपज के कारण होती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. 'ब्लैक सॉफ्टशेल टर्टल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. IUCN की रेड लिस्ट में इसे लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. यह ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियों में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मधुबन गाजर एक बायोफोर्टिफाइड गाजर किस्म है जिसमें उच्च लौह सामग्री होती है।
2. CR DHAN 315 चावल की एक बायोफोर्टिफाइड किस्म है जिसमें जिंक की मात्रा अधिक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31. 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नाटो की स्थापना वाशिंगटन संधि द्वारा की गई थी।
2. नाटो के सभी निर्णय संगठन के सभी 30 सदस्यों की सर्वसम्मति से लिये जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और 2

32. परिसीमन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परिसीमन अभ्यास भारत की केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 के अनुसार, संसद प्रत्येक जनगणना के बाद एक परिसीमन अधिनियम लागू किया जाता है।
3. पहला परिसीमन अभ्यास 1950-51 में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

नोट :

33. भारत में विद्युत क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में विद्युत एक समवर्ती विषय है।
2. विद्युत क्षेत्र में स्वत: मार्ग के तहत 74 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और 2

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस पर राष्ट्रीय नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद-47 पर आधारित है।
2. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गृह मंत्रालय के तहत एक शीर्ष समन्वय एजेंसी है।
3. भारत 1961 के संयुक्त राष्ट्र सिंगल कन्वेंशन ऑन नारकोटिक्स ड्रग्स का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. 1, 2 और 3

35. 'निगम कर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उद्यमों की सकल आय पर लगाया जाने वाला प्रत्यक्ष कर है।
2. कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारत में पंजीकृत सार्वजनिक कंपनियाँ निगम कर का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी हैं।
3. यह कर आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार लगाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) अधिनियम, 1988 की धारा 3 के तहत अधिसूचित हैं।
2. भारतमाला परियोजना का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और स्वचालित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट पर स्थित है।
2. इसकी भित्ति संरचना छोटे जीवों से बनी होती है जिन्हें 'कोरल पॉलिप्स' कहा जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और 2 न ही

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिग्मी हॉग कंजर्वेशन प्रोग्राम (PHCP) को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
2. पिग्मी हॉग को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. इबोला वायरस डिजीज (EVD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इबोला वायरस सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में इबोला नदी के पास पाया गया था।
2. इबोला क्षतिग्रस्त त्वचा या श्लेष्मा झिल्ली के सीधे संपर्क से फैलता है।
3. इसकी पुष्टि के लिये रिवर्स ट्रांसक्रिपटेस पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (RT-PCR) टेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

40. भारत और अंटार्कटिका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत अंटार्कटिक संधि के मूल हस्ताक्षरकर्त्ताओं में से एक था।
2. मैत्री, भारतीय अंटार्कटिका कार्यक्रम के एक भाग के रूप में अंटार्कटिका में स्थापित पहला भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन था।
3. प्रियदर्शिनी भारत द्वारा मैत्री अनुसंधान केंद्र के पास निर्मित मीठे पानी की झील है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य देश में सभी सिविल सेवाओं की भूमिका हेतु क्षमता विकास करना है।
2. कर्मयोगी भारत क्षमता विकास हेतु वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने में सहायता करने के लिये स्थापित एक डिज़िटल प्लेटफॉर्म है।
3. मिशन में सभी स्तरों पर केंद्रीय कर्मचारियों को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

42. माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशन (MFI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह वित्तीय सेवा का एक रूप है, जो गरीब और कम आय वाले परिवारों को लघु ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करता है।
2. माइक्रो क्रेडिट केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) के माध्यम से वितरित किये जाते हैं।
3. पिछले दो दशकों में भारतीय माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. लोथल गुजरात में सिंधु घाटी सभ्यता स्थल है जो दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात डॉकयार्ड के लिये प्रसिद्ध है।
2. लोथल स्थल को 2019 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।
3. लोथल में ही राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्राकृतिक रबड़ के बागान को नम और आर्द्र जलवायु के साथ 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक के तापमान की आवश्यकता होती है।
2. आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) रबड़ संयंत्र, मैंगनीज युक्त सुपरऑक्साइड डिसम्यूटेज़ (MnSOD) जीन के साथ ठंड और सूखे जैसे पर्यावरणीय स्थितियों का सामना कर सकता है।
3. भारत में, तमिलनाडु एक शीर्ष रबर उत्पादक राज्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. केवल 3

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लैंड फॉर लाइफ अवार्ड का आयोजन संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) द्वारा किया जाता है।
2. संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि नहीं है।
3. UNFCCC, UNCCD तथा जैव-विविधता पर अभिसमय (CBD) तीन रियो समझौतों में शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

46. 'काला सागर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तुर्की, रोमानिया और बुल्गारिया से घिरा एक अंतर्देशीय जल निकाय है।
2. डारडेनेल्स जलडमरूमध्य, बोस्फोरस जलडमरूमध्य तथा मरमारा सागर, काला सागर और भूमध्य सागर के बीच एक ट्रांजीशन ज़ोन बनाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. प्रवर्तन निदेशालय (ED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. इसका गठन वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत किया गया था।
2. यह आर्थिक मामलों के विभाग के तहत विशेष वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
3. यह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) को लागू करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुराग सागर, बीजक और सखी ग्रंथ की रचना संत कबीर दास द्वारा की गई थी।
2. संत कबीर दास के प्रमुख कार्यों का संकलन पाँचवें सिख गुरु, गुरु अर्जन देव द्वारा किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (TIWB) विश्व बैंक की एक पहल है।
2. TIWB पहल अंतर्राष्ट्रीय कराधान और हस्तांतरण मूल्य निर्धारण के क्षेत्र में केंद्रित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

50. 'अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह देशों को एक सतत् ऊर्जा भविष्य के लिये उनके ट्रांज़ीशन में समर्थन करता है।
2. यह केवल सौर और पवन ऊर्जा के सतत् उपयोग को बढ़ावा देता है।
3. भारत इसका सदस्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

51. स्पर्म व्हेल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये विश्व के समशीतोष्ण जलक्षेत्र में ही पाई जाती हैं।
2. एम्बरग्रीस एक ठोस और मोम के समान पदार्थ है जो स्पर्म व्हेल की आँतों में उत्पन्न होता है।
3. स्पर्म व्हेल अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की लाल सूची में संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

52. 'वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट-2021' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन प्रतिबंधों ने मादक पदार्थों की तस्करी में काफी बाधा उत्पन्न की है।
2. महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी के उपयोग में वृद्धि ने उपचार सेवाओं में नवाचार को गति दी है।
3. 'वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट' विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 2
D. केवल 1 और 3

53. हाल ही में समाचारों में रहा एग्रीस्टैक है:

A. जलीय कृषि उत्पादों के लिये एक प्रमाणन योजना।
B. श्रमिकों के नौकरियों/कौशल माप हेतु एक पोर्टल।
C. किसानों और कृषि क्षेत्र पर केंद्रित डेटाबेस।
D. देश में प्रत्येक भूखंड के लिये एक पहचान संख्या।

54. अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे हॉग हैजा के नाम से भी जाना जाता है।
2. यह एक अत्यधिक संक्रामक और घातक बीमारी है जिसमें मृत्यु दर लगभग 100% है।
3. यह आर्थिक रूप से सर्वाधिक हानिकारक संक्रामक रोगों में से एक होने के बावजूद, यह विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (OIE) में सूचीबद्ध नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

55. 'लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (LiDAR)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक सुदूर संवेदन विधि है जो परिवर्तनशील दूरियों को मापने के लिये प्रकाश का विश्लेषण करता है।
   2. लिडार का उपयोग आमतौर पर उच्च-रिज़ॉल्यूशन मानचित्र के लिये किया जाता है।
   3. LiDAR उपग्रह से प्रकाश संकेत प्राप्त करता है और किसी भी वस्तु की आवश्यक दूरी को मापता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये एक राष्ट्रीय कार्य योजना के कार्यान्वयन हेतु नोडल मंत्रालय है।
   2. भारत "सिंगल कन्वेंशन ऑन नारकोटिक्स ड्रग्स, 1961" और "कन्वेंशन ऑन साइकोट्रोपिक सब्सटेंस, 1971" का हस्ताक्षरकर्त्ता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और 2 न ही 2

57. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल** | **विशिष्ट उद्देश्य** |
|---|---|
| 1. उद्यम पंजीकरण पोर्टल | यह MSMEs को केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा विलंबित भुगतान के बारे में सीधे मामले दर्ज करने में सक्षम बनाता है। |
| 2. एमएसएमई संबंध | केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा एमएसई से सार्वजनिक खरीद के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। |
| 3. | यह प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (TBI) के माध्यम से नवाचार और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देती है। |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?
   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 32
   D. 1, 2 और 3

58. स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (SFF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
   1. इसकी स्थापना वर्ष 2000 में कारगिल युद्ध के बाद हुई थी।
   2. SFF इकाइयाँ सेना का हिस्सा नहीं हैं परन्तु वे सेना के संचालन नियंत्रण में कार्य करती हैं।
   3. महिला सैनिक अभी भी इस फोर्स का हिस्सा नहीं हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1,2 और 3

नोट :

59. निम्नलिखित में से किसकी रचना 'बंकिम चंद्र चटर्जी' द्वारा की गई है?

1. आनन्द मठ
2. बिशाब्रीक्ष
3. कपालकुंडला
4. देवी चौधुरानी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संन्यासी विद्रोह वर्ष 1770 के भीषण अकाल के बाद शुरू हुआ।
2. बंकिम चंद्र चटर्जी का उपन्यास आनंदमठ बंगाल के संन्यासी विद्रोह से प्रभावित था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सभी लघु बचत लिखतों के संग्रह को भारत के संचित कोष में जमा किया जाता है।
2. छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों का निर्धारण तिमाही आधार पर किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. उन्होंने विभिन्न समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की तुलना करने के लिये फ्रैक्टाइल ग्राफिकल एनालिसिस नामक एक सांख्यिकीय पद्धति तैयार की।
2. उन्होंने भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शराबबंदी केवल बिहार एवं गुजरात में लागू की गई है।
2. 'शराब' भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची का एक विषय है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

64. भारत के महान्यायवादी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महान्यायवादी देश का सर्वोच्च कानून अधिकारी होता है।
2. इसकी न्युक्ति भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।
3. इसका कार्यकाल संविधान द्वारा निर्धारित नहीं है तथा यह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

65. राष्ट्रीय लघु बचत कोष (NSSF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोष का प्रशासन आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा किया जाता है।
2. राष्ट्रीय लघु बचत कोष (निगरानी और निवेश) नियम, 2001 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 283 के तहत तैयार किया गया था।
3. NSSF, छोटी बचत वाली लेनदेन को भारत के समेकित कोष से हटाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

66. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) द्वारा शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह अपनी इकाइयों को अपग्रेड करने की इच्छा रखने वाली मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को पात्र परियोजना लागत के 35% पर सब्सिडी का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विकलांगों और बेरोज़गारों को दी जाने वाली छूट राहत भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत समवर्ती सूची में निर्दिष्ट है।
2. दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 पदोन्नति में आरक्षण के अधिकार को मान्यता नहीं देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में ज़ेन गार्डन - काइज़न अकादमी को ह्योगो इंटरनेशनल एसोसिएशन (HIA) जापान द्वारा समर्थित है।
2. ज़ेन, महायान बौद्ध धर्म का एक जापानी स्कूल है।
3. काइज़ेन भारत में योग के समान जापानी बौद्ध दर्शन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

69. पायरोस्ट्रिया लालजी' प्रजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हाल ही में अंडमान द्वीप समूह से खोजी गई कॉफी फेमली की एक नई प्रजाति है।
2. IUCN रेड लिस्ट मानदंड में इसे 'गंभीर संकटग्रस्त' प्रजाति की सूची में शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

70. 'नेशनल ऑटोमोटिव टेस्टिंग एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट (NATRIP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NATRIP ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक पहल है जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल हैं।
2. यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक फ्लैगशिप परियोजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

---

## व्याख्या

1.B

व्याख्या:

- यह एक रॉकेट प्रणाली है जिसे अंतरिक्ष यात्रियों और अनुसंधान पेलोड को कार्मण रेखा से आगे ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। अत: विकल्प B सही है।
    - कार्मण रेखा अंतरिक्ष की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा है।

- न्यू शेफर्ड का नाम अंतरिक्ष यात्री एलन शेफर्ड के नाम पर रखा गया है जो कि अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमेरिकी थे। न्यू शेफर्ड पृथ्वी से 100 किमी से अधिक की दूरी पर अंतरिक्ष के लिये उड़ानों और पेलोड हेतु आवास प्रदान करता है।
- इसका उद्देश्य अकादमिक अनुसंधान, कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी विकास और उद्यमशीलता के उपक्रमों जैसे उद्देश्यों के लिये अंतरिक्ष में आसान और अधिक लागत प्रभावी पहुँच प्रदान करना है।
- यह अंतरिक्ष पर्यटकों को पृथ्वी से 100 किमी ऊपर ले जाकर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण का अनुभव करने की भी अनुमति देगा।
- माइक्रोग्रैविटी वह स्थिति है जिसमें लोग या वस्तु भारहीन प्रतीत होते हैं। जब अंतरिक्ष यात्री और वस्तुएँ अंतरिक्ष में तैरती हैं तो माइक्रोग्रैविटी का प्रभाव देखा जा सकता है।

2. B

व्याख्याः

- तुलू (Tulu) एक द्रविड़ भाषा है, जिसे बोलने-समझने वाले लोग मुख्यतया कर्नाटक के दो तटीय ज़िलों और केरल के कासरागोड ज़िले में रहते हैं।
  - मुख्य रूप से कर्नाटक और केरल में तुलू भाषी लोगों ने सरकार से इसे आधिकारिक भाषा का दर्ज़ा देने और संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया है। अतः कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान की आठवीं अनुसूचीः आठवीं अनुसूची से संबंधित संवैधानिक प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 344 (1) और 351 में हैं। अतः कथन 2 सही है।

3. C

व्याख्याः

- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) को वर्ष 1994 में स्थापित किया गया था। UNCCD एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो पर्यावरण एवं विकास के मुद्दों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है। अतः कथन 1 सही है।
- यह ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी (GEF) की पहल है जहाँ साहेल-सहारन अफ्रीका के ग्यारह देशों ने भूमि क्षरण के खिलाफ लड़ने और देशी पौधों के पुनर्जीवन के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। अतः कथन 2 सही है।

4. D

व्याख्याः

- कोसी नदी एक सीमापारीय नदी (Trans-Boundary River) है जो तिब्बत, नेपाल एवं भारत से होकर बहती है।
  - इसका स्रोत तिब्बत में है जिसमें विश्व की सबसे ऊँची भूमि शामिल है इसके बाद यह गंगा के मैदानों में उभरने से पहले नेपाल के एक बड़े हिस्से से होकर बहती है। अतः कथन 1 सही है।
- कटिहार ज़िले में कुर्सेला के पास गंगा में शामिल होने से पहले यह नदी उत्तरी बिहार, भारत में प्रवाहित होती है, जहाँ यह वितरिकाओं में बँट जाती है। अतः कथन 2 सही है।
  - इसकी अस्थिर प्रकृति में बदलाव और मानसून के मौसम के दौरान भारी गाद तथा भारत में बाढ़ के अत्यधिक प्रभाव के लिये ज़िम्मेदार ठहराया गया है।
  - भारत में ब्रह्मपुत्र के बाद कोसी में अधिकतम मात्रा में गाद और रेत है।
- इसे "बिहार का शोक" के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि वार्षिक बाढ़ लगभग 21,000 किमी. उपजाऊ कृषि भूमि को प्रभावित करती है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है। अतः कथन 3 सही है।

5. C

व्याख्याः

- अंतर्राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक संगठन एक अंतर-सरकारी परामर्शदाता और तकनीकी संगठन है जिसे वर्ष 1921 में नेविगेशन की सुरक्षा एवं समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा का समर्थन करने के लिये स्थापित किया गया था।
  - भारत भी IHO का सदस्य है। अतः कथन 1 सही है।

नोट :

- हाल ही में विश्व महासागर दिवस (8 जून) के अवसर पर नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका ने 'दक्षिणी महासागर' को विश्व के पाँचवें महासागर के रूप में मान्यता दी है।
    - इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गनाइज़ेशन (International Hydrographic Organization- IHO) ने भी वर्ष 1937 में 'दक्षिणी महासागर' को अंटार्कटिका के आसपास के जल के एक अलग भाग के रूप में मान्यता दी थी लेकिन वर्ष 1953 में इसे निरस्त कर दिया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- दक्षिणी महासागर एकमात्र ऐसा महासागर है जो 'तीन अन्य महासागरों (प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर) को छूता है और एक महाद्वीप से पूरी तरह से घिरे होने के बजाय उसे घेरता है। अत: कथन 3 सही है।

6. D

व्याख्या:

- थाईलैंड मुख्य भूमि दक्षिण पूर्व एशिया के केंद्र में स्थित एक देश है।
    - इसकी सीमा पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में म्याँमार (बर्मा), पूर्व और उत्तर पूर्व में लाओस, दक्षिण-पूर्व में कंबोडिया, दक्षिण में मलेशिया से लगती है। यह न तो वियतनाम के साथ भूमि सीमा साझा करता है और न ही चीन के साथ। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत और थाईलैंड द्वारा वर्ष 2005 से ही अपनी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट वर्ष में दो बार (न कि दो वर्ष में एक बार) भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती (इंडो-थाई कॉर्पेट) का आयोजन किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - हाल ही में भारतीय नौसेना और रॉयल थाई नौसेना के बीच भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती (इंडो-थाई कॉर्पेट) के 31वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का आयोजन संस्करण मलक्का जलडमरूमध्य के पास अंडमान सागर में किया गया था।

7. A

व्याख्या:

- यह एक इमारत शैली है जो 16वीं सदी के मध्य से 17वीं सदी के अंत तक मुगल सम्राटों के संरक्षण में उत्तरी और मध्य भारत में फली-फूली।
    - यह भारतीय, फारसी और तुर्की स्थापत्य शैली का मिश्रण था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- विभिन्न प्रकार की इमारतें, जैसे- राजसी द्वार (प्रवेश द्वार), किले, मकबरे, महल, मस्जिद, सराय आदि इसकी विविधता थी।
- इस शैली में अधिकतर लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर का प्रयोग किया जाता था। अत: कथन 2 सही है।
- इस शैली में विशिष्ट विशेषताएँ हैं जैसे- मकबरे की चारबाग शैली, स्पष्ट बल्बनुमा गुंबद, कोनों पर पतले बुर्ज, चौड़े प्रवेश द्वार, सुंदर सुलेख, अरबी और स्तंभों तथा दीवारों पर ज्यामितीय पैटर्न एवं स्तंभों पर समर्थित महल हॉल आदि थी। अत: कथन 3 सही है।

8. C

व्याख्या:

- FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी से बचने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्त्व करती है।
- वर्ष 1945 में FAO की स्थापना की वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिये हर वर्ष 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है।
    - यह रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सहायता संगठनों में से एक है।
    - इसकी सहयोगी संस्थाएँ विश्व खाद्य कार्यक्रम और कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) हैं।
- उठाए गए कदम:
    - विश्व स्तर पर महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS) दुनिया भर में रेगिस्तानी टिड्डी की स्थिति पर नज़र रखती है। अत: कथन 1 सही है।
    - कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन या CAC संयुक्त एफएओ/डब्ल्यूएचओ खाद्य मानक कार्यक्रम के कार्यान्वयन के संबंध में सभी मामलों के लिये ज़िम्मेदार निकाय है।
    - खाद्य और कृषि के लिये पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हाल ही में भारत द्वारा प्रायोजित और 70 से अधिक देशों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया गया।
  - FAO ने दालों के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के लिये भारतीय प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसे वर्ष 2016 में मनाया गया था और 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत ने FAO की 75वीं वर्षगाँठ (16 अक्तूबर, 2020) को चिह्नित करने के लिये 75 रुपए मूल्यवर्ग का सिक्का जारी किया।

9. A

व्याख्या:

- भारत की जलवायु को 'मानसून' प्रकार के रूप में वर्णित किया गया है। एशिया में इस प्रकार की जलवायु मुख्य रूप से दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में पाई जाती है।
- दक्षिण-पश्चिम मानसून के गठन को प्रभावित करने वाले कारक:
  - भूमि और जल के अलग-अलग तापमान के कारण भारत के भूभाग पर कम दाब बनता है जबकि आसपास की समुद्री सतह पर तुलनात्मक रूप से उच्च दाब का विकास होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - ग्रीष्म ऋतु में गंगा के मैदान के ऊपर अंत: ऊष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (Inter Tropical Convergence Zone-ITCZ) की स्थिति में बदलाव (यह विषुवत वृत्त पर स्थित एक निम्नदाब वाला क्षेत्र है। इसे कभी -कभी मानसूनी गर्त भी कहते हैं)।
  - हिंद महासागर के ऊपर लगभग 20° दक्षिणी अक्षांश पर अर्थात् मेडागास्कर के पूर्व में उच्च दबाव वाले क्षेत्र की उपस्थिति पाई जाती है। इस उच्च दबाव वाले क्षेत्र की तीव्रता और स्थिति भारतीय मानसून को प्रभावित करती है।
  - तिब्बत का पठार ग्रीष्मकाल के दौरान तीव्र रूप से गर्म हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप पवन की प्रबल ऊर्ध्वाधर धाराएँ पैदा होती हैं और तिब्बत के पठार की सतह पर निम्न दाब का निर्माण होता है। अत: कथन 2 सही है।
  - पश्चिमी जेट धारा का हिमालय के उत्तर की ओर विस्थापित होना और गर्मियों के दौरान भारतीय प्रायद्वीप पर उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट स्ट्रीम की उपस्थिति भी भारतीय मानसून को प्रभावित करती है।
  - अल नीनो दक्षिणी दोलन (ENSO): आमतौर पर जब उष्णकटिबंधीय पूर्वी दक्षिण प्रशांत महासागर में उच्च दबाव का क्षेत्र बनता होता है तो उष्णकटिबंधीय पूर्वी हिंद महासागर में निम्न दबाव का विकास होता है। लेकिन कुछ वर्षों में दबाव की स्थिति में उलटफेर होता है और पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में दबाव कम होता है। दबाव की स्थिति में यह आवधिक परिवर्तन SO के रूप में जाना जाता है।
    - पूर्वोत्तर मानसून अक्तूबर से दिसंबर के दौरान आता है और तुलनात्मक रूप से छोटे पैमाने का मानसून है, जो दक्षिणी प्रायद्वीप तक ही सीमित है। इसे शीतकालीन मानसून कहते हैं।

10. B

व्याख्या:

- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत बजट 2021-22 में जल जीवन मिशन (शहरी) की घोषणा की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बजट 2021-22 में सतत् विकास लक्ष्य- 6 (स्वच्छ पानी और स्वच्छता)) के अनुसार सभी वैधानिक कस्बों में कार्यात्मक नलों के माध्यम से सभी घरों में पानी की आपूर्ति का सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने हेतु आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत जल जीवन मिशन (शहरी) की घोषणा की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
- जल जीवन मिशन:
  - यह जल शक्ति मंत्रालय के तहत एक पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के हर घर में पाइप से पानी की पहुँच सुनिश्चित करना है।

11. C

व्याख्या:

- पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक विस्तृत यह आर्थिक गलियारा समग्र भारत को दक्षिण, दक्षिणपूर्व और पूर्वी एशिया के उत्पादन नेटवर्क से जोड़ता है।

- इसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को कवर किया गया है। अत: कथन 1 सही है।

- 'पूर्वी तट आर्थिक गलियारे' के विकास में 'एशियाई विकास बैंक' भारत सरकार का प्रमुख भागीदार है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्ष 2019 में सरकार ने 'राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट' (NICDIT) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही पाँच औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं के विकास को मंज़ूरी दी थी। इनमें शामिल हैं:
  - दिल्ली-मुंबईऔद्योगिक गलियारा (DMIC)
  - अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारा (AKIC)
  - चेन्नई-बंगलूरू औद्योगिक गलियारा (CBIC)
  - पूर्वी तट आर्थिक गलियारा (ECEC) के साथ विज़ाग चेन्नई औद्योगिक गलियारा
  - बंगलूरू-मुंबई औद्योगिक गलियारा (BMIC)
  - अत: कथन 3 सही है।

12. A

व्याख्या:

- भारतीय मानक ब्यूरो (Bureau of Indian Standard- BIS) भारत में सोने और चाँदी की हॉलमार्किंग योजना को संचालित करता है, हॉलमार्किंग को "कीमती धातु की वस्तुओं में कीमती धातु की आनुपातिक सामग्री का सटीक निर्धारण और आधिकारिक रिकॉर्डिंग" के रूप में परिभाषित करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह कीमती धातु की वस्तुओं की "शुद्धता या सुंदरता की गारंटी" है, जो वर्ष 2000 में शुरू हुई थी।
- भारत में वर्तमान में दो कीमती धातुओं सोना और चाँदी को हॉलमार्किंग के दायरे में लाया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- BIS प्रमाणित ज्वैलर्स किसी भी BIS मान्यता प्राप्त एसेइंग एंड हॉलमार्किंग सेंटर (Assaying and Hallmarking Centres- A&HC) से अपने आभूषण हॉलमार्क करवा सकते हैं।

13. C

व्याख्या:

- ISA की स्थापना भारत की पहल के बाद हुई थी। इसकी शुरुआत संयुक्त रूप से पेरिस में 30 नवंबर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान COP-21 से पृथक भारत और फ्राँस द्वारा की गई थी। ISA की अंतर्राष्ट्रीय संचालन समिति की पाँचवीं बैठक में 121 संभावित सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था, जो पूर्ण या आंशिक रूप से कर्क और मकर रेखा के बीच में स्थित हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - 89 देशों ने ISA फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- ISA का विज़न एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड (OSOWOG) को सक्षम बनाना है।
  - यह वैश्विक सहयोग की सुविधा के लिये एक ढाँचे पर ध्यान केंद्रित करता है, जो परस्पर अक्षय ऊर्जा संसाधनों (मुख्य रूप से सौर ऊर्जा) के वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र जिसे मूल रूप से साझा किया जा सकता है, का निर्माण करता है। अत: कथन 1 सही है।

14. C

व्याख्या:

- सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया है जो विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) को लागू करता है।
  - विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व एक ऐसी रणनीति है जो किसी उत्पाद के संपूर्ण जीवनकाल के दौरान आई पर्यावरणीय लागत और उसके बाज़ार मूल्य को एकीकृत करने को प्रोत्साहित करती है। अत: कथन 1 सही है।
- ई-कचरे का प्रबंधन (अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन):
  - खतरनाक कचरे की सीमा-पार आवाजाही के नियंत्रण पर बेसल कन्वेंशन, 1992:
    - मूल रूप से बेसल कन्वेंशन में ई-कचरे का उल्लेख नहीं था लेकिन बाद में इसमें वर्ष 2006 (COP 8) में ई-कचरे के मुद्दों को शामिल किया गया।

नोट :

- यह सम्मेलन पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन सुनिश्चित करने के साथ-साथ विकासशील देशों में अवैध यातायात की रोकथाम और ई-कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिये क्षमता निर्माण में मदद करता है।
- बेसल कन्वेंशन के COP-9 में नैरोबी घोषणा को अपनाया गया था। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक कचरे का पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन के लिये अभिनव समाधान तैयार करना है। अत: कथन 2 सही है।

15. B

व्याख्या:

- भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन जैसी गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास का कार्य भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय (National Standard Body of India) करता है।
- BIS, अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (International Organization for Standardization- ISO) का संस्थापक सदस्य है और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में सक्रिय रूप से शामिल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत का प्रतिनिधित्व BIS के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोग (International Electro-technical Commission- IEC) द्वारा किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
    - IEC सभी विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिये अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तैयारी एवं प्रकाशन हेतु विश्व का अग्रणी संगठन है।

16. A

व्याख्या:

- भारत में लगभग 14,500 किलोमीटर नौगम्य जलमार्ग (Navigable Waterways) हैं जिनमें नदियाँ, नहरें, बैकवाटर/अप्रवाही जल, खाड़ियाँ आदि शामिल हैं।
- राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016 के अनुसार, 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग (NWs) घोषित किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1: इलाहाबाद-हल्दिया जलमार्ग को भारत में राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 का दर्जा दिया गया है। यह जलमार्ग गंगा-भागीरथी-हुगली नदी तंत्र में स्थित है। यह 1620 किमी लंबाई के साथ भारत में सबसे लंबा राष्ट्रीय जलमार्ग है। अत: कथन 1 सही है।
- अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (Inland Waterways Authority of India-IWAI), विश्व बैंक की तकनीकी और वित्तीय सहायता से गंगा के हल्दिया-वाराणसी खंड पर नेविगेशन की क्षमता वृद्धि हेतु जल मार्ग विकास परियोजना (Jal Marg Vikas Project-JMVP) को कार्यान्वित कर रहा है। अत: कथन 3 सही है।

17. C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय कॅरियर सेवा (NCS) वर्ष 2015 में ई-गवर्नेंस योजना की छत्रछाया में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
    - यह एक वन-स्टॉप समाधान है जो भारत के नागरिकों को रोज़गार और कॅरियर से संबंधित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।
- यह श्रम और रोज़गार मंत्रालय योजना के कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 2 सही है।
- NCS परियोजना अपने तीन आवश्यक स्तंभों के माध्यम से इस देश के लोगों तक पहुँचती है।
    - एक अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया आईसीटी आधारित पोर्टल जो एनसीएस पोर्टल है।
    - देश भर में मॉडल कॅरियर केंद्रों की स्थापना।
    - रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से सभी राज्यों के साथ अंतर्संबंध।

18. B

व्याख्या:

- विश्व प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक एक व्यापक वार्षिक रिपोर्ट और देशों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को लेकर विश्वव्यापी संदर्भ बिंदु है।

नोट :

- WCY को पहली बार वर्ष 1989 में प्रकाशित किया गया था और इसका संकलन इंस्टीट्यूट फॉर मनेजमेंट डेवलपमेंट (Institute for Management Development- IMD) द्वारा किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- सूचकाँक के अनुसार ब्रिक्स देशों में भारत, चीन (16वें) के बाद दूसरे (43वें) स्थान पर है, इसके बाद रूस (45वें), ब्राज़ील (57वें) और दक्षिण अफ्रीका (62वें) का स्थान है। अत: कथन 2 सही है।
    - भारत की शक्ति दूरसंचार (प्रथम), मोबाइल टेलीफोन लागत (प्रथम), आईसीटी सेवाओं के निर्यात (तीसरे), सेवा व्यवसायों में पारिश्रमिक (चौथा) और व्यापार सूचकाँक (पाँचवें) में निवेश में निहित है।
    - भारत का प्रदर्शन सब-इंडेक्स जैसे- ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर (64वाँ), पार्टिकुलेट पॉल्यूशन (64वाँ), मानव विकास सूचकांक (64वाँ), प्रति व्यक्ति जीडीपी (63वाँ) और प्रति व्यक्ति विदेशी मुद्रा भंडार (62वाँ) आदि में सबसे खराब रहा है।

19. C

व्याख्या:

- शेनझाउ-12 यान गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान लॉन्च सेंटर से टेकऑफ़ के लगभग छह घंटे बाद तियान्हे अंतरिक्ष स्टेशन मॉड्यूल से जुड़ा है।
    - तियानहे कोर मॉड्यूल तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल है। इसे 29 अप्रैल 2021 को कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- पूर्व सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद चीन तीसरा देश है जिसने अपने दम पर एक मानव मिशन भेजा है। अत: कथन 2 सही है।
- चीन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में भागीदार नहीं है, मुख्यत: चीनी कार्यक्रम की गोपनीयता और घनिष्ठ सैन्य संबंधों पर अमेरिकी आपत्तियों के परिणामस्वरूप चीन ISS का हिस्सा नहीं है।
    - ISS पाँच भागीदार अंतरिक्ष एजेंसियों की एक संयुक्त परियोजना है: नासा (संयुक्त राज्य अमेरिका), रोस्कोस्मोस (रूस), जाक्सा (जापान), ईएसए (यूरोप), और सीएसए (कनाडा)।

20. A

व्याख्या:

- राज्यपाल से संबंधित संवैधानिक प्रावधान
    - भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153 के तहत प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल का प्रावधान किया गया है। एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।
        - राज्यपाल केंद्र सरकार का एक नामित व्यक्ति होता है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
    - संविधान के मुताबिक, राज्य का राज्यपाल दोहरी भूमिका अदा करता है।
        - वह राज्य के मंत्रिपरिषद (CoM) की सलाह मानने को बाध्य राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
        - इसके अतिरिक्त वह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है।
    - अनुच्छेद 157 और 158 के तहत राज्यपाल पद के लिये पात्रता संबंधी आवश्यकताओं को निर्दिष्ट किया गया है।
    - राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत क्षमादान और दंडविराम आदि की भी शक्ति प्राप्त है।
    - कुछ विवेकाधीन शक्तियों के अतिरिक्त राज्यपाल को उसके अन्य सभी कार्यों में सहायता करने और सलाह देने के लिये मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिपरिषद का गठन किये जाने का प्रावधान है। (अनुच्छेद 163)
    - राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। (अनुच्छेद 164)
    - राज्यपाल, राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को अनुमति देता है, अनुमति रोकता है अथवा राष्ट्रपति के विचार के लिये विधेयक को सुरक्षित रखता है। (अनुच्छेद 200)
    - राज्यपाल कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में अध्यादेशों को प्रख्यापित कर सकता है। (अनुच्छेद 213)। अत: कथन 1 सही है।

21. D

व्याख्या:

- भारतीय नौसेना और यूरोपीय संघ नौसैनिक बल, बहरीन में सालाना आयोजित SHADE (शेयर्ड अवेयरनेस एंड डी-कोन्फ्लिक्शन) बैठकों के माध्यम से नियमित बातचीत भी करते हैं।
- SHADE बहरीन में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय ऑपरेशनल काउंटर पायरेसी प्लेटफॉर्म है।
- इसका उद्देश्य भागीदारों को सूचनाओं को साझा करने, प्रवृत्तियों के विकास का आकलन करने, सर्वोत्तम प्रथाओं का आकलन करने और अदन की खाड़ी, ओमान की खाड़ी तथा पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री डकैती के विरुद्ध कार्रवाई करने वालों के बीच संघर्ष को रोकने हेतु प्रोत्साहित करना है। अत: विकल्प D सही है।

22. A

व्याख्या

- बीटी कपास एकमात्र ट्रांसजेनिक फसल है जिसे भारत में व्यावसायिक खेती के लिये केंद्र द्वारा अनुमोदित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- कपास के बोलवर्म का एक सामान्य कीट का मुकाबला करने हेतु कीटनाशक का उत्पादन करने के लिये आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - HTBt कपास संस्करण संशोधन की एक और परत को जोड़ता है, जिससे पौधा हर्बिसाइड ग्लाइफोसेट के लिये प्रतिरोधी बन जाता है, लेकिन नियामकों द्वारा इसे अनुमोदित नहीं किया गया है।

23. D

व्याख्या:

- केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है, जो सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के तहत फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को नियंत्रित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- बोर्ड में गैर-आधिकारिक सदस्य और एक अध्यक्ष (जिनमें से सभी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं) होता है और इसका मुख्यालय मुंबई में है। अत: कथन 1 सही है।
- केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा प्रमाणित होने के बाद ही फिल्मों को भारत में (सिनेमा हॉल, टीवी चैनलों पर) सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जा सकता है।
- वर्तमान में फिल्मों को 4 श्रेणियों के तहत प्रमाणित किया जाता है: U, U/A, A & S।
    - अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शनी (U)।
    - अप्रतिबंधित सार्वजनिक प्रदर्शनी लेकिन सावधानी के साथ 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिये माता-पिता के विवेक की आवश्यकता (U/A)।
    - वयस्कों के लिये प्रतिबंधित (A)।
    - व्यक्तियों के किसी विशेष वर्ग के लिए प्रतिबंधित (S)।
    - अत: कथन 3 सही है।

24. C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एंटोनियो गुटेरेस (Antonio Guterres) को 1 जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2026 तक के लिये दूसरे कार्यकाल हेतु नौवें संयुक्त राष्ट्र महासचिव (UNSG) के रूप में नियुक्त किया।
    - वह पुर्तगाल के पूर्व प्रधानमंत्री रहे।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत महासचिव की नियुक्ति सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - प्रत्येक महासचिव के पास दूसरे कार्यकाल का विकल्प होता है इसके लिये उसे सदस्य राज्यों का पर्याप्त समर्थन मामला आवश्यक है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - गुटेरेस को एक संशोधित चयन प्रक्रिया द्वारा चुना गया जिसमें महासभा में एक सार्वजनिक अनौपचारिक संवाद सत्र शामिल था, इसमें नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल थे, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करना था।

25. D

व्याख्या

- चुनाव परिणामों की घोषणा के पश्चात् चुनाव आयोग की भूमिका समाप्त हो जाती है, इसके पश्चात् यदि कोई उम्मीदवार मानता है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भ्रष्टाचार अथवा कदाचार हुआ था तो चुनाव अथवा निर्वाचन याचिका उस मतदाता या उम्मीदवार के लिये उपलब्ध एकमात्र कानूनी उपाय है।
    - ऐसा उम्मीदवार संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय में निर्वाचन याचिका के माध्यम से परिणामों को चुनौती दे सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ऐसी याचिका चुनाव परिणाम की तारीख से 45 दिनों के भीतर दायर करनी होती है; इस अवधि की समाप्ति के पश्चात् न्यायालय द्वारा मामले की सुनवाई नहीं की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

26. C

व्याख्या:

- यह एक वंशानुगत रक्त संबंधी रोग है जो अफ्रीकी, अरब और भारतीय मूल के लोगों में सबसे अधिक प्रचलित है। अत: कथन 1 सही है।
- यह विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन को प्रभावित करता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं का एक अणु है जो पूरे शरीर में कोशिकाओं को ऑक्सीजन की आपूर्ति करता है। अत: कथन 2 सही है।
- दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (RPwD) अधिनियम, 2016 ने अधिनियम के तहत रक्त विकार (थैलेसीमिया, हीमोफिलिया और सिकल सेल रोग) वाले व्यक्तियों को 'दिव्यांग व्यक्तियों' के रूप में मान्यता दी है।
    - हाल ही में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने SCD रोगियों के लिये दिव्यांगता प्रमाण पत्र की वैधता 1 वर्ष से बढ़ाकर 3 वर्ष कर दी है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

27. D

व्याख्या:

- योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी।
    - 'योग' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है इसका अर्थ है- किसी व्यक्ति के शरीर एवं चेतना का मिलन या एकजुट होना।
- वर्ष 2014 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 69वें सत्र के उद्घाटन के दौरान भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) का विचार प्रस्तावित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
    - संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर, 2014 में एक प्रस्ताव पारित करके 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) के रूप में घोषित किया।
- प्रधानमंत्री ने एम-योग एप की घोषणा की जो 'एक विश्व एक स्वास्थ्य' के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।
    - यह एप विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) के बीच सहयोग के माध्यम से विकसित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) जैसी विभिन्न कौशल पहलों के माध्यम से हज़ारों उम्मीदवारों को योग प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।
    - PMKVY कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी योजना है।
    - योग 'फिट इंडिया मूवमेंट' का भी हिस्सा है।

नोट :

28. C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) और बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय के तहत विभिन्न संस्थानों के शोधकर्त्ताओं ने पाया कि भारत में चावल और गेहूँ की खेती में जस्ता और लोहे के 'अनाज घनत्व' में कमी आई है। अत: कथन 1 सही है।
  - शोधकर्त्ताओं ने चावल के बीज (16 किस्में) और गेहूँ (18 किस्में) को ICAR के कल्टीवर रिपॉजिटरी में बनाए गए जीन बैंक से एकत्र किया।
- चावल में सांद्रता:
  - 1960 के दशक में जारी चावल की किस्मों के अनाज में जिंक और आयरन की सांद्रता 27.1 मिलीग्राम/किलोग्राम और 59.8 मिलीग्राम/किलोग्राम थी। यह 2000 के दशक के भीतर क्रमश: 20.6 मिलीग्राम/किलोग्राम और 43.1 मिलीग्राम/किलोग्राम तक कम हो गई।
- गेहूँ में सांद्रता:
  - वर्ष 1960 के दशक की गेहूँ की किस्मों में जस्ता और लोहे की सांद्रता 33.3 मिलीग्राम/ किग्रा और 57.6 मिलीग्राम/किग्रा. थी, जो 2010 के दौरान जारी की गई किस्मों में क्रमश: 23.5 मिलीग्राम/किग्रा. और 46.4 मिलीग्राम/किग्रा. तक गिर गई।
- कमी का कारण:
  - 'मंदन प्रभाव' के कारण अनाज की उच्च उपज के साथ पोषक तत्त्वों की सांद्रता में कमी आती है।
  - इसका मतलब यह है कि उपज में वृद्धि की दर पौधों द्वारा पोषक तत्त्व ग्रहण करने की दर के अनुकूल नहीं होती है। इसके अलावा पौधों को उपलब्ध पोषक तत्त्वों में मृदा अनुकूलित पौधों में कमी हो सकती है। अत: कथन 2 सही है।

29. B

व्याख्या:

- ब्लैक सॉफ्टशेल टर्टल (Nilssonia Nigricans) लगभग भारतीय पीकॉक सॉफ्ट-शेल्ड कछुआ (Peacock Soft-shelled Turtle) (निल्सोनिया हर्म) के समान दिखते हैं, जिसे IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- पर्यावास: भारत में ताज़े जल के कछुओं की 29 प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
- वे पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश में मंदिरों के तालाबों में पाए जाते हैं। इसकी वितरण सीमा में ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियाँ भी शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त
  - CITES: परिशिष्ट I
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: कोई कानूनी संरक्षण नहीं
  - अत: कथन 1 सही नहीं है।

30. C

व्याख्या:

- बायोफोर्टिफिकेशन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कृषि संबंधी प्रथाओं, पारंपरिक पौधों के प्रजनन या आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से खाद्य फसलों की पोषण गुणवत्ता में सुधार किया जाता है।
- भारत द्वारा की गई पहल:
  - हाल ही में प्रधानमंत्री ने 8 फसलों की 17 बायोफोर्टिफाइड किस्मों को राष्ट्र को समर्पित किया। कुछ उदाहरण हैं:
    - चावल- CR DHAN 315 में जिंक की अधिकता होती है। अत: कथन 2 सही है।
    - गेहूँ- HI 1633 प्रोटीन, आयरन और जिंक से भरपूर।
    - मक्का- हाइब्रिड किस्में 1, 2 और 3 लाइसिन और ट्रिप्टोफैन से समृद्ध होती हैं।

नोट :

- बायोफोर्टिफाइड गाजर की किस्म 'मधुबन गाजर' गुजरात के जूनागढ़ में 150 से अधिक स्थानीय किसानों को लाभान्वित कर रही है। इसमें β-कैरोटीन और आयरन की मात्रा अधिक होती है। अत: कथन 1 सही है।

31. C

व्याख्या

- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल, 1949 की उत्तरी अटलांटिक संधि (जिसे वाशिंगटन संधि भी कहा जाता है) द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और कई पश्चिमी यूरोपीय देशों द्वारा सोवियत संघ के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है।
- एक "नाटो निर्णय" सभी 30 सदस्य देशों की सामूहिक इच्छा की अभिव्यक्ति है क्योंकि सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में आयोजित उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन ने पहली बार स्पष्ट रूप से चीन को सुरक्षा जोखिम के रूप में वर्णित किया है।
  - नाटो 'उदघोषणा' द्वारा पहचाने गए अन्य दो जोखिम 'रूस' और 'आतंकवाद' हैं।

32. A

व्याख्या:

- निर्वाचन आयोग के अनुसार, किसी देश या एक विधायी निकाय वाले प्रांत में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों (विधानसभा या लोकसभा सीट) की सीमाओं को तय करने या फिर से परिभाषित करने का कार्य परिसीमन है।
  - परिसीमन अभ्यास (Delimitation Exercise) एक स्वतंत्र उच्च-शक्ति वाले पैनल द्वारा किया जाता है जिसे परिसीमन आयोग के रूप में जाना जाता है, जिसके आदेशों में कानून का बल होता है और किसी भी न्यायालय द्वारा इस पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- प्रत्येक जनगणना के बाद भारत की संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद-82 के तहत एक परिसीमन अधिनियम लागू किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - अनुच्छेद 170 के तहत राज्यों को भी प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन अधिनियम के अनुसार क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है।
- पहला परिसीमन अभ्यास राष्ट्रपति द्वारा (निर्वाचन आयोग की मदद से) 1950-51 में किया गया था। अत: कथन 3 सही है।
  - परिसीमन आयोग का गठबंधन अधिनियम, 1952 में अधिनियमित था।

33. A

व्याख्या:

- भारत का विद्युत क्षेत्र विश्व में सबसे विविध क्षेत्रों में से एक है। विद्युत् उत्पादन के स्रोतों की श्रेणी पारंपरिक स्रोतों जैसे- कोयला, लिग्नाइट, प्राकृतिक गैस, तेल, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा से लेकर व्यवहार्य गैर-पारंपरिक स्रोत जैसे- पवन, सौर और कृषि तथा घरेलू कचरे तक है।
- भारत विश्व में विद्युत् का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।
- विद्युत एक समवर्ती सूची (संविधान की सातवीं अनुसूची) का विषय है। अत: कथन 1 सही है।
- विद्युत मंत्रालय देश में विद्युत ऊर्जा के विकास के लिये प्राथमिक रूप से उत्तरदायी है।
  - यह विद्युत अधिनियम, 2003 और ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 को प्रशासित करता है।
- सरकार ने वर्ष 2022 तक अक्षय ऊर्जा में 175 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिये अपना रोडमैप जारी किया है, जिसमें 100 गीगावाट सौर ऊर्जा और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है।
  - सरकार वर्ष 2022 तक रूफटॉप सौर परियोजनाओं के माध्यम से 40 गीगावाट (GW) विद्युत उत्पन्न करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु 'रेंट ए रूफ' (Rent a Roof) नीति तैयार कर रही है।

- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित सभी मामलों के लिये नोडल मंत्रालय है।
- विद्युत क्षेत्र में स्वत: मार्ग के तहत 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign Direct Investment- FDI) की अनुमति है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

34. C

व्याख्या

- भारत संयुक्त राष्ट्र सिंगल कन्वेंशन ऑन नारकोटिक्स ड्रग्स-1961, कन्वेंशन ऑन साइकोट्रोपिक सब्सटेंस-1971 और कन्वेंशन ऑन इलीसिट ट्रैफिक ऑन नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस, 1988 का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - ये सभी कन्वेंशन चिकित्सा और वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिये नशीली दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों के उपयोग को सीमित करने के साथ-साथ उसके दुरुपयोग को रोकने हेतु दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने नियम निर्धारित करते हैं।
- 'नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस' (NDPS) अधिनियम, 1985 के तहत वर्ष 1986 में 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो' का भी गठन किया गया था।
  - 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो' गृह मंत्रालय के तहत शीर्ष समन्वय एजेंसी है। अत: कथन 2 सही है।
- नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस पर राष्ट्रीय नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 पर आधारित है जो राज्य को औषधीय प्रयोजनों को छोड़कर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक नशीले पदार्थों के उपभोग पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करने का निर्देश देती है। अत: कथन 1 सही है।
  - नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर नियंत्रण केंद्र सरकार की ज़िम्मेदारी है।
- 'नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस' (NDPS) अधिनियम, 1985
  - इसमें नशीली दवाओं और साइकोट्रोपिक पदार्थों के अवैध व्यापार से प्राप्त या उपयोग की गई संपत्ति की ज़ब्ती का प्रावधान किया गया है।

35. B

व्याख्या

- निगम कर उस शुद्ध आय या लाभ पर लगाया जाने वाला प्रत्यक्ष कर है जो उद्यमी अपने व्यवसायों से कमाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- कंपनी अधिनियम 1956 के तहत भारत में सार्वजनिक और निजी तौर पर पंजीकृत दोनों प्रकार की कंपनियाँ, निगम कर का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह कर आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार एक विशिष्ट दर पर लगाया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- सितंबर 2019 में भारत ने मौजूदा कंपनियों के लिये निगम कर की दरों को 30% से घटाकर 22% और नई निर्माण कंपनियों के लिये 25% से 15% कर दिया था।
  - सरचार्ज और सेस को मिलाकर मौजूदा कंपनियों के लिये प्रभावी टैक्स दर अब 35% से कम होकर 25.17% हो गई है।

36. D

व्याख्या:

- संसद द्वारा बनाए गए कानून (सातवीं अनुसूची के तहत संघ सूची) के तहत या द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाते हैं।
  - सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव के लिये उत्तरदायी है।
- भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत अधिसूचित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का गठन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1988 के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए किया गया।

नोट :

- भूमिराशि पोर्टल को भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और स्वचालित करने के लिये वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।

37. C

व्याख्या:

- यह विश्व का सबसे व्यापक और समृद्ध प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी तंत्र है, जो कि 2,900 से अधिक भित्तियों और 900 से अधिक द्वीपों से मिलकर बना है।
- यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के उत्तर-पूर्वी तट में 1400 मील तक फैला हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे बाह्य अंतरिक्ष से देखा जा सकता है और यह जीवों द्वारा बनाई गई विश्व की सबसे बड़ी एकल संरचना है।
- यह समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र अरबों छोटे जीवों से मिलकर बना है, जिन्हें कोरल पॉलिप्स के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
    - ये समुद्री पौधों की विशेषताओं को प्रदर्शित करने वाले सूक्ष्म जीव होते हैं, जो कि समूह में रहते हैं। चूना पत्थर (कैल्शियम कार्बोनेट) से निर्मित इसका निचला हिस्सा (जिसे कैलिकल्स भी कहते हैं) काफी कठोर होता है, जो कि प्रवाल भित्तियों की संरचना का निर्माण करता है।
        - इन प्रवाल पॉलिप्स में सूक्ष्म शैवाल पाए जाते हैं जिन्हें ज़ूज़ैंथिली (Zooxanthellae) कहा जाता है जो उनके ऊतकों के भीतर रहते हैं।
    - इसे वर्ष 1981 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में चुना गया था।

38. B

व्याख्या:

- पिग्मी हॉग कंजर्वेशन प्रोग्राम (PHCP), यूनाईटेड किंगडम के ड्यूरेल वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन ट्रस्ट (Durrell Wildlife Conservation Trust), असम वन विभाग, वाइल्ड पिग स्पेशलिस्ट ग्रुप ऑफ इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक सहयोग है।
    - इसे वर्तमान में गैर सरकारी संगठनों, आरण्यक और इकोसिस्टम्स इंडिया द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- पिग्मी हॉग के संरक्षण की शुरुआत प्रसिद्ध प्रकृतिवादी गेराल्ड ड्यूरेल और उनके ट्रस्ट द्वारा वर्ष 1971 में की गई थी।
- Pसंरक्षण स्थिति:
    - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट: संकटग्रस्त
    - वन्य जीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट I
    - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I
    - अत: कथन 2 सही है।

39. C

व्याख्या:

- बोला वायरस रोग (EVD), जिसे पहले इबोला रक्तस्रावी बुखार के रूप में जाना जाता था, मनुष्यों में होने वाली एक गंभीर, घातक बीमारी है। यह वायरस जंगली जानवरों से लोगों में फैलता है और मानव आबादी में मानव-से-मानव में संचरण करता है।
    - इबोला वायरस की खोज सर्वप्रथम वर्ष 1976 में इबोला नदी के पास स्थित गाँव में हुई थी, जो कि अब कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मानव से मानव संचरण: इबोला सीधे संपर्क (क्षतिग्रस्त त्वचा या श्लेष्मा झिल्ली के माध्यम से) के साथ फैलता है:
    - जो व्यक्ति इबोला से बीमार है या उसकी मृत्यु हो गई है उसके रक्त या शरीर के तरल पदार्थ के संपर्क में आने से फैलता है।
    - ऐसे शरीर के तरल पदार्थ (जैसे रक्त, मल, उल्टी) से दूषित वस्तुएँ। अत: कथन 2 सही है।

- इबोला को चिकित्सकीय रूप से अन्य संक्रामक रोगों जैसे मलेरिया, टाइफाइड बुखार और मेनिन्जाइटिस से अलग करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इबोला वायरस के संक्रमण के कारण इसके लक्षणों की पुष्टि निम्नलिखित नैदानिक विधियों का उपयोग करके किया जा सकता हैं:
    - एलिसा (ELISA) (Antibody-capture enzyme-linked immunosorbent assay)
    - रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) एक प्रयोगशाला तकनीक इत्यादि। अत: कथन 3 सही है।

40. A

व्याख्या:

- अंटार्कटिक महाद्वीप को केवल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये संरक्षित करने एवं असैन्यीकृत क्षेत्र बनाने के लिये 1 दिसंबर, 1959 को वाशिंगटन में 12 देशों के बीच अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
    - 12 मूल हस्ताक्षरकर्त्ता अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, चिली, फ्राँस, जापान, न्यूज़ीलैंड, नॉर्वे, दक्षिण अफ्रीका, सोवियत संघ, यूके और यूएस हैं।
    - वर्तमान में इसमें 54 पक्षकार हैं। वर्ष 1983 में भारत इस संधि का सदस्य बना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दक्षिण गंगोत्री भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के एक भाग के रूप में अंटार्कटिका में स्थापित पहला भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - अभी यह क्षतिग्रस्त हो गया है और सिर्फ आपूर्ति का आधार बन गया है।
- मैत्री अंटार्कटिका में भारत का दूसरा स्थायी अनुसंधान केंद्र है। इसे 1989 में बनाया गया था।
    - मैत्री, शिरमाकर ओएसिस नामक चट्टानी पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित है। भारत ने मैत्री के आसपास मीठे पानी की एक झील भी बनाई जिसे प्रियदर्शिनी झील के नाम से जाना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

41. C

व्याख्या:

- केंद्र ने हाल ही में देश में सभी सिविल सेवाओं की भूमिका हेतु क्षमता विकास के लिये नियम आधारित प्रशिक्षण द्वारा परिवर्तनकारी बदलाव लाने हेतु 'सिविल सेवा क्षमता विकास के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम- मिशन कर्मयोगी' को मंज़ूरी दी है। अत: कथन 1 सही है।
    - इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी सेवाओं के लिये नागरिक अनुभव को बढ़ाना और सक्षम कार्यबल की उपलब्धता में सुधार करना है।
- इस सक्षमता संचालित मिशन को प्रभावी ढंग से चलाने के लिये एक विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle- SPV) अर्थात् 'कर्मयोगी भारत' को एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में स्थापित किया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - इसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत 100% सरकारी स्वामित्व वाली इकाई के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- क्षमता निर्माण प्रशिक्षण iGOT कर्मयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिया जाएगा जिसमें वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से तैयार की गई सामग्री होगी।
- लगभग 46 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को शामिल करने के लिये वर्ष 2020-2021 से लेकर 2024-25 तक (5 वर्षों की अवधि के दौरान) 510.86 करोड़ रुपए का व्यय किया जाएगा। अत: कथन 3 सही है।

42. C

व्याख्या :

- माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशन (MFI) वित्तीय सेवा का एक रूप है, जो गरीब और कम आय वाले परिवारों को लघु ऋण और अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
- माइक्रोफाइनेंस प्रदान करने वाले संस्थानों की संख्या और माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों को उपलब्ध कराए गए क्रेडिट की मात्रा दोनों में वृद्धि के मामले में पिछले दो दशकों में भारतीय माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

- माइक्रो क्रेडिट विभिन्न संस्थागत चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है, जैसे,
    - अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (SCB) [लघु वित्त बैंक (SFB) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB) सहित]
    - सहकारी बैंक,
    - गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)
    - माइक्रोफाइनेंस संस्थान (MFI) NBFC के साथ-साथ अन्य रूपों में पंजीकृत हैं।
    - अत: कथन 2 सही नहीं है।

43. B

व्याख्या:

- संस्कृति मंत्रालय (MoC) और पत्तन, पोत परिवहन ईवा जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) ने गुजरात के लोथल में 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर' (NMHC) के विकास में सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 3 सही है।
- लोथल गुजरात में स्थित प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे दक्षिणी शहरों में से एक था।
    - इस शहर का निर्माण लगभग 2400 ईसा पूर्व में शुरू हुआ था।
    - भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) की मानें तो लोथल में दुनिया का सबसे पुराना ज्ञात डॉक था, जो लोथल शहर को सिंध के हड़प्पा शहरों और सौराष्ट्र प्रायद्वीप के बीच व्यापार मार्ग पर साबरमती नदी के एक प्राचीन मार्ग से जोड़ता था। अत: कथन 1 सही है।
    - प्राचीन काल में लोथल एक महत्त्वपूर्ण एवं संपन्न व्यापार केंद्र था, जिसके मोतियों, रत्नों और बहुमूल्य गहनों का व्यापार पश्चिम एशिया और अफ्रीका के सुदूर क्षेत्रों तक विस्तृत था।
    - लोथल स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया है और यूनेस्को की अस्थायी सूची में इसका आवेदन अभी भी लंबित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

44. A

व्याख्या:

- हाल ही में रबड़ अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित विश्व का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित (Genetically Modified- GM) रबड़ संयंत्र असम में स्थापित किया गया।
    - रबड़ संयंत्र इस क्षेत्र के लिये विशेष रूप से विकसित अपनी तरह का पहला संयंत्र है जिसके चलते पूर्वोत्तर क्षेत्र की जलवायु परिस्थितियों में रबड़ के अच्छी तरह से विकसित होने की आशा है।
- आनुवंशिक संशोधन (GM) प्रौद्योगिकी में प्रयोगशाला तकनीकों का उपयोग कर प्रजातियों के बीच विशिष्ट लक्षणों के लिये जीन को स्थानांतरित किया जाता है।
    - इस रबड़ में मैंगनीज युक्त सुपरऑक्साइड डिसम्यूटेज़ (MnSOD) जीन को अंतर्वेशित कराया गया है जिसके चलते यह उत्तर-पूर्व में शीतऋतु में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड का मुकाबला करने में सक्षम होगी।
        - MnSOD जीन में पौधों को ठंड और सूखे जैसे गंभीर पर्यावरणीय स्थितियों के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने की क्षमता होती है। अत: कथन 2 सही है।
    - यह एक भूमध्यरेखीय फसल है परंतु विशेष परिस्थितियों में इसे उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी उगाया जाता है।
    - वृद्धि के लिये आवश्यक दशाएँ:
    - तापमान: नम और आर्द्र जलवायु के साथ 25 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान। अत: कथन 1 सही है।
    - वर्षा: 200 सेमी. से अधिक।
    - मृदा का प्रकार: अच्छी जल निकासी वाली जलोढ़ मृदा।
    - इस रोपण फसल के लिये कुशल श्रम की सस्ती और पर्याप्त आपूर्ति की आवश्यकता होती है।
    - अंग्रेज़ों ने भारत में पहला रबर बागान वर्ष 1902 में केरल में पेरियार नदी के तट पर स्थापित किया था।

नोट :

- भारत वर्तमान में उच्चतम उत्पादकता (वर्ष 2017-18 में 694,000 टन) के साथ विश्व में प्राकृतिक रबड़ का छठा सबसे बड़ा उत्पादक है।
- शीर्ष रबड़ उत्पादक राज्य: केरल > तमिलनाडु > कर्नाटक।
- अत: कथन 3 सही नहीं है।

45. B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) द्वारा यह पुरुस्कार प्रत्येक 2 वर्षों में प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार भूमि संतुलन की दिशा में किये गए प्रयासों में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) वर्ष 1994 में स्थापित यह पर्यावरण और विकास को स्थायी भूमि प्रबंधन से जोड़ने वाला एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह तीन रियो अभिसमयों में से एक है, अन्य दो अभिसमयों जैव विविधता अभिसमय (CBD) और जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) हैं। अत: कथन 3 सही है।

46. C

व्याख्या:

- काला सागर, जिसे यूक्सिन सागर के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया के प्रमुख जल निकायों और प्रसिद्ध अंतर्देशीय समुद्रों में से एक है।
- अटलांटिक महासागर का यह सीमांत समुद्र, पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है।
  - काला सागर के सीमावर्ती देशों में- रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह दक्षिण, पूर्व और उत्तर में क्रमश: पोंटिक, काकेशस और क्रीमियन पहाड़ों से घिरा हुआ है।
- तुर्की जलडमरूमध्य प्रणाली- डारडेनेल्स, बोस्फोरस और मरमारा सागर- भूमध्यसागर तथा काला सागर के बीच एक ट्रांज़ीशन ज़ोन के रूप में कार्य करती है। अत: कथन 2 सही है।
- काला सागर, केर्च जलडमरूमध्य के माध्यम से आज़ोव सागर से भी जुड़ा हुआ है।

47. A

व्याख्या :

- प्रवर्तन निदेशालय (ED), भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन एक विशेष वित्तीय जाँच एजेंसी है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस निदेशालय की उत्पत्ति 1 मई, 1956 को हुई, जब विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1947 (फेरा '47) के तहत विनिमय नियंत्रण कानून के उल्लंघन से निपटने के लिये आर्थिक मामलों के विभाग में एक 'प्रवर्तन इकाई' का गठन किया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - वर्ष 1957 में इस इकाई का नाम बदलकर 'प्रवर्तन निदेशालय' कर दिया गया ।
- ED निम्नलिखित कानूनों को लागू करता है :
  - विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA)। अत: कथन 3 सही है।
  - धन शोधन निवारण अधिनियम,2002 (PMLA)

48. C

व्याख्या:

- संत कबीर दास का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में हुआ था। वह 15वीं शताब्दी के रहस्यवादी कवि, संत और समाज सुधारक तथा भक्ति आंदोलन के प्रस्तावक थे।
  - कबीर की विरासत अभी भी 'कबीर का पंथ' (एक धार्मिक समुदाय जो उन्हें संस्थापक मानता है) नामक पंथ के माध्यम से चल रही है।

- उनका प्रारंभिक जीवन एक मुस्लिम परिवार में बीता, परंतु वे अपने शिक्षक, हिंदू भक्ति नेता रामानंद से काफी प्रभावित थे।
- कबीर दास के लेखन का भक्ति आंदोलन पर बहुत प्रभाव पड़ा तथा इसमें कबीर ग्रंथावली, अनुराग सागर, बीजक और सखी ग्रंथ जैसे शीर्षक शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
    - उनके छंद सिख धर्म के ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में पाए जाते हैं।
    - उनके प्रमुख कार्यों का संकलन पाँचवें सिख गुरु, गुरु अर्जन देव द्वारा किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
    - उन्होंने अपने दो-पंक्ति के दोहों के लिये सबसे अधिक प्रसिद्धि प्राप्त की, जिन्हें 'कबीर के दोहे' के नाम से जाना जाता है।
- कबीर की कृतियाँ हिंदी भाषा में लिखी गईं, जिन्हें समझना आसान था। लोगों को जागरूक करने के लिये वहअपने लेख दोहों के रूप में लिखते थे।

49. B

व्याख्या :

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) की एक संयुक्त पहल टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (TIWB) को भूटान में शुरू किया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत को इसमें भागीदार के रूप में चुना गया है। भारत ने इस कार्यक्रम के लिये कर-विशेषज्ञ उपलब्ध कराए हैं।
- यह कार्यक्रम लगभग 24 महीने की अवधि का है।
- इसका उद्देश्य कर लेखा परीक्षकों को तकनीकी जानकारी और कौशल हस्तांतरित कर सर्वोत्तम लेखापरीक्षा प्रथाओं को साझा करके कर प्रशासन को मज़बूत करने में भूटान की सहायता करना है। कार्यक्रम का फोकस अंतर्राष्ट्रीय कराधान और हस्तांतरण तथा मूल्य निर्धारण के क्षेत्र पर होगा। अत: कथन 2 सही है।
- स्थानांतरण मूल्य, जिसे स्थानांतरण लागत के रूप में भी जाना जाता है, वह मूल्य है जिस पर संबंधित पक्ष एक-दूसरे के साथ लेन-देन करते हैं, इसमें विभागों के बीच आपूर्ति या श्रम के व्यापार के दौरान होने वाला लेन-देन शामिल है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने को कम कर क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के लिये हस्तांतरण कीमतों में हेरफेर कर सकती हैं।
- यह कार्यक्रम भारत और भूटान के बीच निरंतर सहयोग और दक्षिण-दक्षिण सहयोग हेतु भारत के निरंतर तथा सक्रिय समर्थन में एक और मील का पत्थर है।

50. B

व्याख्या:

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे आधिकारिक तौर पर जनवरी 2009 में बॉन, जर्मनी में स्थापित किया गया था।
    - वर्तमान में इसके 164 सदस्य देश हैं और भारत इसका 77वाँ संस्थापक सदस्य देश है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - इसका मुख्यालय अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है।
- यह एक स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिये अपने सदस्य देशों को उनके ट्रांज़ीशन में सहायता करता है और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये प्रमुख मंच, उत्कृष्टता केंद्र और नवीकरणीय ऊर्जा पर नीति, प्रौद्योगिकी, संसाधन तथा वित्तीय ज्ञान के भंडार के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सतत् विकास, ऊर्जा पहुँच, ऊर्जा सुरक्षा और निम्न कार्बन आर्थिक विकास एवं समृद्धि सुनिश्चित करने हेतु जैव ऊर्जा, भू-तापीय, जलविद्युत, महासागर, सौर एवं पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा के सभी रूपों को व्यापक रूप से अपनाने और सतत् उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य भी करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

51. B

व्याख्या:

- स्पर्म व्हेल, (फिसेटर कैटोडोन), जिसे काचलोट भी कहा जाता है, दाँत वाली व्हेल में सबसे बड़ी, अपने विशाल चौकोर सिर और संकीर्ण निचले जबड़े के कारण आसानी से पहचानी जाती है।
    - ये विश्व के समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय जल क्षेत्र में पाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- फ्रांसीसी शब्द ग्रे एम्बर या एम्बरग्रीस को प्राय: व्हेल की उल्टी (Vomit) के रूप में जाना जाता है।
  - यह एक ठोस और मोम के समान पदार्थ है जो स्पर्म व्हेल की आँतों में उत्पन्न होता है। अत: कथन 2 सही है।

स्पर्म व्हेल में से केवल 1% ही एम्बरग्रीस का उत्पादन करती हैं।

- संरक्षण स्थिति:
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट: संकटग्रस्त  अत: कथन 3 सही है।
  - वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट I
  - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I

52. C

व्याख्या:

- हाल ही में 'ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय' (UNODC) ने अपनी 'द वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट-2021' में इस बात पर प्रकाश डाला है कि कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन प्रतिबंधों ने इंटरनेट के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी को तेज़ कर दिया है।
  - ऑनलाइन बिक्री के साथ दवाओं तक पहुँच भी पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो गई है और डार्क वेब पर प्रमुख दवा बाज़ारों की कीमत अब लगभग 315 मिलियन डॉलर सालाना हो गई है।
  - यह आंशिक रूप से प्रौद्योगिकी और क्रिप्टोकरेंसी भुगतान के उपयोग में वृद्धि से भी प्रेरित है, जो नियमित वित्तीय प्रणाली के भीतर नहीं आती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- महामारी के दौरान प्रौद्योगिकी के उपयोग में वृद्धि ने टेलीमेडिसिन जैसे सेवा वितरण के अधिक लचीले मॉडल के माध्यम से उपचार सेवाओं नवाचार को गति दी है, जिसने स्वास्थ्य पेशेवरों को अधिक रोगियों तक पहुँचने और उनका इलाज करने में सक्षम बनाया है। अत: कथन 2 सही है।
- ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) की स्थापना वर्ष 1997 में की गई थी। इसकी स्थापना यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल ड्रग्स कंट्रोल प्रोग्राम (UNDCP) तथा संयुक्त राष्ट्र में अपराध निवारण और आपराधिक न्याय विभाग (Crime Prevention and Criminal Justice Division- CPCJD) के संयोजन में की गई थी और यह ड्रग कंट्रोल एवं अपराध रोकथाम की दिशा में कार्य करता है।
  - 'वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट' ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) द्वारा प्रकाशित की जाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

53. C

व्याख्या:

- एग्रीस्टैक प्रौद्योगिकियों और डिजिटल डेटाबेस का एक संग्रह है जो किसानों तथा कृषि क्षेत्र पर केंद्रित है। हाल ही में कृषि मंत्रालय ने 6 राज्यों के 100 गाँवों के लिये एक पायलट कार्यक्रम चलाने हेतु माइक्रोसॉफ्ट के साथ समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding) पर हस्ताक्षर किये हैं। इसमें 'एग्रीस्टैक' (कृषि में प्रौद्योगिकी आधारित हस्तक्षेप का एक संग्रह) बनाने की मंत्रालय की योजना का एक बड़ा हिस्सा शामिल है, जिस पर बाकी सभी संरचनाएँ बनायी जाएंगी। एग्रीस्टैक किसानों को कृषि खाद्य मूल्य श्रृंखला में एंड टू एंड सर्विसेज़ प्रदान करने के लिये एक एकीकृत मंच तैयार करेगा। अत: विकल्प C सही है।

54. A

व्याख्या :

- अफ्रीकन स्वाइन फीवर (ASF)  एक अत्यधिक संक्रामक और घातक पशु रोग है, जो घरेलू तथा जंगली सूअरों को संक्रमित करता है। इसके संक्रमण से सूअर एक प्रकार के तीव्र रक्तस्रावी बुखार (Hemorrhagic Fever) से पीड़ित होते हैं।
  - इस रोग में मृत्यु दर 100 प्रतिशत के करीब होती है और चूँकि इस बुखार का कोई इलाज नहीं है, अत: इसके संक्रमण को फैलने से रोकने का एकमात्र तरीका जानवरों को मारना है। अत: कथन 2 सही है।

- क्लासिकल स्वाइन फीवर (CSF) को हॉग हैजा (Hog Cholera) के नाम से भी जाना जाता है, यह सूअरों से संबंधित एक गंभीर बीमारी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे पहली बार 1920 के दशक में अफ्रीका में देखा गया था।
  - ऐतिहासिक रूप से अफ्रीका और यूरोप, दक्षिण अमेरिका तथा कैरेबियन के कुछ हिस्सों में प्रकोप की सूचना मिली है।
  - हालाँकि हाल ही में (2007 से) अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई देशों में घरेलू और जंगली दोनों सूअरों में यह बीमारी पाई गई।
- अफ्रीकी स्वाइन फीवर मनुष्य के लिये खतरा नहीं होता है, क्योंकि यह केवल जानवरों से जानवरों में फैलता है।
  - अफ्रीकी स्वाइन फीवर, विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (OIE) के पशु स्वास्थ्य कोड में सूचीबद्ध एक ऐसी बीमारी है जिसके संदर्भ में तुरंत OIE को सूचना देना आवश्यक है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - OIE दुनिया-भर में पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार हेतु उत्तरदायी एक अंतर-सरकारी संगठन (Intergovernmental Organisation) है।
    - वर्तमान में कुल 182 देश इसके सदस्य हैं। भारत इसके सदस्य देशों में से एक है।

55. B

व्याख्या:

- LiDAR (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) सुदूर संवेदन प्रौद्योगिकी है जो दूरी के मापन के लिये लक्ष्य पर लेज़र प्रकाश भेजता है और परावर्तित प्रकाश का विश्लेषण करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - वायुजनित प्रणाली द्वारा दर्ज किये गए अन्य डेटा के साथ-साथ यह संयुक्त प्रकाश स्पंद पृथ्वी के आकार और इसकी सतह की विशेषताओं के बारे में सटीक, त्रि-आयामी जानकारी प्रदान करता है।
- LiDAR उपकरण में मुख्य रूप से एक लेज़र, एक स्कैनर और एक विशेष ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) रिसीवर होता है।
- लिडार का उपयोग आमतौर पर सर्वेक्षण, भूगणित, भू-विज्ञान, पुरातत्त्व, भूगोल, भूविज्ञान, भू-आकृति विज्ञान (Geomorphology), भूकंप विज्ञान, वानिकी, वायुमंडलीय भौतिकी, लेज़र मार्गदर्शन, हवाई लेज़र स्वाथ मैपिंग (ALSM) और लेज़र अल्टीमेट्री में अनुप्रयोगों के साथ उच्च-रिज़ॉल्यूशन मानचित्र के लिये किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- LiDAR एक साधारण सिद्धांत का पालन करता है जो पृथ्वी की सतह पर किसी वस्तु पर लेज़र लाइट डालता है और LiDAR स्रोत पर लौटने में लगने वाले समय की गणना करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - प्रकाश जिस गति से यात्रा करता है (लगभग 186,000 मील प्रति सेकंड) उसको देखते हुए LiDAR के माध्यम से सटीक दूरी को मापने की प्रक्रिया अविश्वसनीय रूप से तेज़ प्रतीत होती है।

56. C

व्याख्या:

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2018-2025 की अवधि के लिये नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने हेतु राष्ट्रीय कार्ययोजना (National Action Plan for Drug Demand Reduction- NAPDDR) का कार्यान्वयन शुरू किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका उद्देश्य शिक्षा, नशा मुक्ति और प्रभावित व्यक्तियों तथा उनके परिवारों के पुनर्वास को शामिल करते हुए एक बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है।
- नशीली दवाओं के अवैध उपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन:
- सिंगल कन्वेंशन ऑन नारकोटिक्स ड्रग्स, 1961
- कन्वेंशन ऑन साइकोट्रोपिक सब्सटेंस-1971
- कन्वेंशन ऑन इलीसिट ट्रैफिक ऑन नारकोटिक ड्रग्स एँड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस, 1988
  - भारत इन तीनों का हस्ताक्षरकर्त्ता देश है और इसने नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) अधिनियम, 1985 को अधिनियमित किया है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

57. B

व्याख्या:

- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान करते हैं।
- MSMEs क्षेत्र को बढ़ावा देने संबंधी पहलें
  - नवाचार, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा हेतु एक योजना (ASPIRE): यह योजना 'कृषि आधारित उद्योग में स्टार्टअप के लिये फंड ऑफ फंड्स', ग्रामीण आजीविका बिज़नेस इनक्यूबेटर (LBI), प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटर (TBI) के माध्यम से नवाचार और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देती है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
- उद्यम पंजीकरण पोर्टल: यह नया पोर्टल देश में एमएसएमई की संख्या पर डेटा एकत्र करने में सरकार की सहायता करता है।
  - MSME समाधान: यह केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/सीपीएसई/राज्य सरकारों द्वारा विलंबित भुगतान के बारे में सीधे मामले दर्ज करने में सक्षम बनाता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- एमएसएमई संबंध: यह एक सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। इसे केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा एमएसई से सार्वजनिक खरीद के कार्यान्वयन की निगरानी के लिये शुरू किया गया था। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।

58. B

व्याख्या:

- स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (SFF) की स्थापना वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद हुई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह कैबिनेट सचिवालय के दायरे में आता है जहाँ इसका नेतृत्त्व एक महानिरीक्षक (Inspector General) करता है जो मेजर जनरल रैंक का एक सैन्य अधिकारी होता है।
  - SFF में शामिल इकाइयाँ 'विकास बटालियन' (Vikas Battalion) के रूप में जानी जाती हैं।
- SFF इकाइयाँ सेना का हिस्सा नहीं हैं परंतु वे सेना के संचालन नियंत्रण में कार्य करती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वे उच्च प्रशिक्षित विशेष बल कर्मी होते हैं, ये विभिन्न प्रकार के कार्य कर सकते हैं जो आमतौर पर किसी विशेष बल इकाई द्वारा किये जाते हैं।
- यह एक 'कोवर्ट आउटफिट' (Covert Outfit) थी जिसमें खम्पा समुदाय के तिब्बतियों को भर्ती किया जाता था किंतु अब इसमें तिब्बतियों एवं गोरखाओं दोनों को भर्ती किया जाता है।
- महिला सैनिक भी SSF इकाइयों का हिस्सा बनती हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

59. D

व्याख्या:

- बंकिम चंद्र चटर्जी भारत के महान उपन्यासकारों और कवियों में से एक थे।
- उन्होंने संस्कृत में वंदे मातरम गीत की रचना की जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों के लिये प्रेरणास्रोत का कार्य किया।
- उनका महाकाव्य उपन्यास आनंदमठ, संन्यासी विद्रोह (1770-1820) की पृष्ठभूमि से प्रभावित था।
  - भारत को अपना राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम आनंदमठ से मिला।
- उन्होंने वर्ष 1872 में एक मासिक साहित्यिक पत्रिका, बंगदर्शन की भी शुरुआत की, जिसके माध्यम से बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को एक बंगाली पहचान और राष्ट्रवाद के उद्भव को प्रभावित करने का श्रेय दिया जाता है।
  - 1880 के दशक के अंत में पत्रिका का प्रकाशन बंद कर दिया गया परंतु वर्ष 1901 में रवींद्रनाथ टैगोर के संपादक बनने के बाद इसे फिर से शुरू किया गया।
- अन्य साहित्यिक योगदान:
  - उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया था और वह इस विषय में बहुत रुचि रखते थे, लेकिन बाद में बंगाली भाषा को जनता की भाषा बनाने की ज़िम्मेदारी ली। हालाँकि उनका पहला प्रकाशित काम एक उपन्यास है जो अंग्रेज़ी में था।

नोट :

- उनके प्रसिद्ध उपन्यासों में कपालकुंडला (Kapalkundala) 1866, देवी चौधुरानी (Debi Choudhurani), बिशाब्रीक्षा (द पॉइज़न ट्री), चंद्रशेखर (1877), राजमोहन की पत्नी और कृष्णकांतर विल शामिल हैं।
- अत: विकल्प D सही है।

60. C

व्याख्या:

- संन्यासी विद्रोह बंगाल में वर्ष 1770-1820 के बीच हुआ था। बंगाल में वर्ष 1770 के भीषण अकाल के बाद संन्यासी विद्रोह शुरू हुआ जिससे घोर अराजकता और दुर्दशा उत्पन्न हुई। अत: कथन 1 सही है।
- हालाँकि विद्रोह का तात्कालिक कारण हिंदुओं और मुसलमानों दोनों के पवित्र स्थानों हेतु जाने वाले तीर्थयात्रियों पर अंग्रेज़ो द्वारा लगाए गए प्रतिबंध थे।
- बंकिम चंद्र चटर्जी का महाकाव्य उपन्यास आनंदमठ, संन्यासी विद्रोह (1770-1820) की पृष्ठभूमि से प्रभावित था, जब बंगाल अकाल का सामना कर रहा था तो बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को बंगाली पुनर्जागरण पर एक प्रभावशाली व्यक्ति बना दिया। अत: कथन 2 सही है।

61. B

व्याख्या:

- लघु बचत योजनाएँ, भारत में घरेलू बचत के प्रमुख स्रोत हैं और इसमें 12 उपकरण/प्रपत्र (Instrument) शामिल हैं।
    - जमाकर्त्ताओं को उनके धन पर सुनिश्चित ब्याज मिलता है।
    - सभी लघु बचत प्रपत्रों से संग्रहीत राशि को राष्ट्रीय लघु बचत कोष (NSSF) में जमा किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों का निर्धारण समान परिपक्वता वाले बेंचमार्क सरकारी बॉण्डों के अनुरूप तिमाही आधार पर किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
    - वित्त मंत्रालय द्वारा समय-समय पर दरों की समीक्षा की जाती है।

62. A

व्याख्या:

- प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस को आधुनिक सांख्यिकी का जनक माना जाता है, उन्होंने भारतीय सांख्यिकी संस्थान (Indian Statistical Institute- ISI) की स्थापना की, योजना आयोग को आकार दिया (जिसे 1 जनवरी, 2015 को नीति आयोग द्वारा प्रतिस्थापित किया गया) और बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण के लिये कार्यप्रणाली का मार्ग प्रशस्त किया।
- उन्होंने रैंडम सैंपलिंग की विधि का उपयोग करते हुए बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण करने तथा परिकलित रकबे/पहले से अनुमानित क्षेत्रफल और फसल की पैदावार का आकलन करने हेतु नवीन तकनीकों की शुरुआत की।
    - उन्होंने 'फ्रैक्टाइल ग्राफिकल एनालिसिस' नामक एक सांख्यिकीय पद्धति भी तैयार की, जिसका उपयोग विभिन्न समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के बीच तुलना करने के लिये किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 1955 में वह योजना आयोग के सदस्य बने और वर्ष 1967 तक उस पद पर बने रहे।
- उन्होंने भारत की दूसरी पंचवर्षीय योजना (1956-1961) तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने भारत में औद्योगीकरण और विकास का खाका तैयार किया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

63. B

व्याख्या

- शराबबंदी  गुजरात, बिहार, मिज़ोरम, नगालैंड और केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप में लागू है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 'शराब' भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची में शामिल विषय है। अत: कथन 2 सही है।
- अनुच्छेद 47: अनुच्छेद 47 के तहत भारत के संविधान में नीति निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि "राज्य मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिये हानिकर ओषधियों के औषधीय प्रयोजनों से भिन्न उपभोग का प्रतिषेध करने का प्रयास करेगा"।

नोट :

64. A

व्याख्या:

- भारत का महान्यायवादी (AG) संघ की कार्यकारिणी का एक अंग है। AG देश का सर्वोच्च कानूनी अधिकारी है। अत: कथन 1 सही है।
    - संविधान के अनुच्छेद 76 में भारत के महान्यायवादी के पद का प्रावधान है।
- महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सरकार की सलाह पर की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- पद की अवधि: संविधान द्वारा तय नहीं।
    - महान्यायवादी को हटाने की प्रक्रिया और आधार संविधान में नहीं बताए गए हैं। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है (राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय हटाया जा सकता है)। अत: कथन 3 सही है।

65. D

व्याख्या:

- भारत में राष्ट्रीय लघु बचत कोष (NSSF) की स्थापना 1999 में की गई थी।
    - चूंकि NSSF सार्वजनिक खाते में काम करता है, इसलिये इसका लेनदेन केंद्र के राजकोषीय घाटे को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं करता है।
- राष्ट्रीय लघु बचत कोष (निगरानी और निवेश) नियम, 2001 के तहत वित्त मंत्रालय (आर्थिक मामलों का विभाग) इस कोष को प्रशासित करता है। जिसे राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 283(1) के तहत बनाया गया है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- NSSF का उद्देश्य भारत के संचित निधि से छोटी बचत लेन-देन को हटाना और पारदर्शी तथा आत्मनिर्भर तरीके से उनका संचालन सुनिश्चित करना है। अत: कथन 3 सही है।

66. C

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) 10,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
    - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) योजना के कार्यान्वयन हेतु नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 1 सही है।
    - इस योजना के तहत होने वाले व्यय को केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 60:40 के अनुपात में, उत्तर पूर्वी तथा हिमालयी राज्यों के बीच 90:10 के अनुपात में, विधायिका वाले केंद्रशासित प्रदेशों के साथ 60:40 के अनुपात में तथा अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के मामले 100% केंद्र सरकार द्वारा साझा किया जाता है।
- योजना द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता:
    - व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का उन्नयन: अपनी इकाइयों को अपग्रेड करने की इच्छा रखने वाली मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ पात्र परियोजना लागत के 35% पर अधिकतम 10 लाख रुपए प्रति यूनिट के साथ क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का लाभ उठा सकती हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - SHG को प्रारंभिक पूंजी: कार्यशील पूंजी और छोटे उपकरणों की खरीद के लिये प्रति स्वयं सहायता समूह (Self Help Group-SHG) सदस्य को 40,000 रुपए का प्रारंभिक वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा।

67. D

व्याख्या:

- 'विकलांगों और बेरोज़गारों को राहत' (Relief Of The Disabled and Unemployable' ) का विषय संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में निर्दिष्ट है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - हाल ही में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने स्वीकार किया है कि शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को पदोन्नति में भी आरक्षण का अधिकार है।

- यह मामला 'दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995' के तहत प्रस्तुत एक दावे पर आधारित है।
- दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 पदोन्नति में आरक्षण के अधिकार को मान्यता देता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - अधिनियम की धारा 32 के अनुसार, आरक्षण के लिये पदों की पहचान नियुक्ति हेतु एक पूर्वापेक्षा है; लेकिन पदों की पहचान करने से इनकार करके नियुक्ति के लिये मना नहीं किया जा सकता है।
  - इस अधिनियम को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के साथ प्रतिस्थापित किया गया है।

68. B

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने गुजरात के अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (AMA) में एक जापानी 'ज़ेन गार्डन - काइज़न अकादमी' (Zen Garden- Kaizen Academy) का उद्घाटन किया।
- यह AMA में जापान सूचना एवं अध्ययन केंद्र और भारत-जापान मैत्री संघ (IJFA), गुजरात का एक संयुक्त प्रयास है। यह ह्योगो इंटरनेशनल एसोसिएशन (HIA) जापान द्वारा समर्थित है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसमें पारंपरिक जापानी अवयव जैसे- रेड ब्रिज गुज़ेई, शोजी इंटीरियर, ग्लोरी ऑफ तोरी, एक 3-डी आर्ट म्यूरल, फ्यूजन चबुतारो, ताकी वॉटरफॉल, सुकुबाई बेसिन और किमोनो स्क्रॉल हैं।
  - यह भारत में जापान की कार्य संस्कृति का प्रचार करेगा और जापान तथा भारत के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ाएगा।
- ज़ेन, महायान बौद्ध धर्म का एक जापानी स्कूल है जो अनुष्ठान पूजा या शास्त्रों के अध्ययन के बजाय ध्यान और अंतर्ज्ञान के मूल्यों पर बल देता है। जापान में ज़ेन का आशय भारत में ध्यान के समान है। अत: कथन 2 सही है।
- काइज़ेन का तात्पर्य 'बेहतरी के लिये परिवर्तन' या 'निरंतर सुधार' से है। काइज़ेन एक जापानी व्यापार दर्शन है जो सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए कार्य वातावरण को अधिक कुशल बनाकर उत्पादकता में धीरे-धीरे सुधार करने पर केंद्रित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

69. C

व्याख्या:

- हाल ही में कॉफी फेमली (Coffee Family) के वर्ग से संबंधित एक नई प्रजाति पाइरोस्ट्रिया लालजी (Pyrostria laljii) अंडमान द्वीप समूह में खोजी गई है। अत: कथन 1 सही है।
  - रिविना अंडमानेंसिस (Rivina Andamanensis) नामक पोकेवीड (Pokeweed ) की एक नई प्रजाति की भी खोज की गई।
- भारत में जीनस पायरोस्ट्रिया का यह पहला पौधा है जिसकी लंबाई 15 मीटर है।
  - जीनस पाइरोस्ट्रिया से संबंधित पौधे आमतौर पर मेडागास्कर में पाए जाते हैं लेकिन हाल ही में खोजी गई प्रजाति विज्ञान के लिये नई है।
    - भारत में जीनस पायरोस्ट्रिया नहीं पाया जाता है बल्कि रुबियासी फैमिली की कई प्रजातियाँ भारत में सामान्यत: पाई जाती हैं।
    - रुबियासी फैमिली के सिनकोना, कॉफी, एडिना, हैमेलिया, इक्सोरा, गैलियम, गार्डेनिया, मुसेंडा, रूबिया तथा मोरिंडा पौधों का उच्च आर्थिक मूल्य है।
- भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा अंडमान और निकोबार क्षेत्रीय केंद्र के संयुक्त निदेशक लाल जी सिंह के नाम पर इस नई प्रजाति को पायरोस्ट्रिया लालजी नाम दिया गया है।
- पाइरोस्ट्रिया लालजी को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की रेड लिस्ट में 'गंभीर संकटग्रस्त' (Critically Endangered) प्रजाति की सूची में शामिल किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

70. A

व्याख्या:

- NATRIP ऑटोमोटिव क्षेत्र में सबसे बड़ी और सबसे महत्त्वपूर्ण पहल है जिसमें भारत सरकार, कई राज्य सरकारों तथा भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह भारी उद्योग मंत्रालय की एक फ्लैगशिप परियोजना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य देश में अत्याधुनिक परीक्षण, सत्यापन और अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना का निर्माण करना है।
- हाल ही में भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्री ने पीथमपुर, इंदौर (मध्य प्रदेश) में NATRAX- हाई स्पीड ट्रैक (NATRAX-High Speed Track) का उद्घाटन किया।
  - यह नेशनल ऑटोमोटिव टेस्टिंग एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (R&D) इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट (NATRIP) के तहत अत्याधुनिक ऑटोमोटिव टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन सेंटर में से एक है।

दृष्टि The Vision